हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 31 मार्च 2025


तापमान
अधिकतम 33 . 2 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री


12 परिजनों को शिक्षण प्रक्रिया से करवाया अवगत





12 वन विभाग के मजदूरों को प्रत्येक महीने मिले वेतन




## माउंटेन बाइक ट्रैक के लिए ग्राम पंचायत को 11 लाख देने की घोषणा

# पीएम मोदी चाहते हैं देश ओलंपिक में लाए सर्वाधिक पदक: कृष्ण लाल

### 21वीं राष्ट्रीय माउंटेन बाइक साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित


- साइकिलिस्टों का हौसला बढ़ाने आए पंचायत मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

21वीं राष्ट्रीय माउंटेन बाइक साइकिलिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन हरियाणा ओलंपिक संघ के नवनिर्वाचित महासचिव एवं प्रदेश सरकार में मंत्री कृष्णलाल पवार साइकिलिस्टों का हौसला बढ़ाने के लिए आयोजन स्थल मोरनी के गुढी गांव में पहुंचे।

कृष्ण लाल पवार ने कहा कि देश सर्वाधिक पदक कैसे लाए, उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योजना चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्षों से वह विधानसभा में सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं। कुछ समय राज्यसभा के माध्यम से संसद में गए तो वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर सांसद को खेलों के प्रति अपना योगदान देने के लिए कहा और उसी कड़ी में वह कबड्डी सहित और खेलों को भी सम्मिलित किए हुए हैं। आज हरियाणा ओलंपिक संघ की भी इसी कारण जिम्मेदारी उनको मिली है।

उन्होंने कबड्डी के बारे में जकहा कि आज देश के खिलाड़ी जो सोना ला रहे हैं, आधे खिलाड़ी उन्हीं के मैदान से हैं। उन्होंने कहा कि साइकलिंग दमदार गेम है। साइकलिंग के लिए भी है पूरा प्रयास करेंगे और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने का काम करेंगे ।



#### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

आज के मुकाबले में महिला जूनियर 4 लैप क्रॉस कंट्री ओलंपिक में कर्नाटक की पवित्रा कुर्टाकोटो ने स्वर्ण पदक, उत्तराखंड की अवनी दयाल ने रजत, महाराष्ट्र की सिद्धि सरके ने कांस्य पदक पाया। पुरुषों के जूनियर वर्ग के पांच लैप क्रॉस कंट्री ओलंपिक मुकाबले में लद्दाख के तसेवांग नूर्बो ने स्वार्ण उत्तराखंड के आयुष नेगी ने रजत तथा महाराष्ट्र के योगेश सोनावाने में कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों के अंडर 23 पांच लैप क्रॉस कंट्री ओलंपिक इवेंट में कर्नाटक के चेरीथगोड़ा ने स्वर्ण, मणिपुर के थोटमाचन ने रजत, लद्दाख के जिगमेट घोषयाल ने कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की छह लैप क्रॉस कंट्री ओलंपिक इवेंट में कर्नाटक की स्टार नाराजी ने स्वर्ण, महाराष्ट्र की प्रणिता सोमन ने रजत तथा मध्य प्रदेश की संध्या कुमारी मौर्या ने कांस्य पदक हासिल किया।

#### ये रहे मौजूद

हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ द्वारा भारतीय साइकलिंग महासंघ के बैनर तले करवाई इस प्रतियोगिता के मौके पर भारतीय साइकलिंग महासंघ के महासचिव मनिंदर पाल सिंह, आयोजक सचिव नीरज तंवर प्रवीण कुमार उपाध्यक्ष हरबंस सिंह औझला, सहसचिव जगदीश असीजा, सह सचिव अजीत कुमार डायरेक्टर कंपटीशन गढी गांव की सरपंच कमला देवी ज्वाला सिंह बादल जाखड़, आरके गुप्ता तकनीकी समिति पिनाकी बाईसेक जगदीप सिंह काहलो संजय सिंह कुलदीप सिंह वडैच जिले सिंह समीर यादव सुनील कुमार सतविंदर सिंह निर्मल सिंह सुनील कुमार बृजेश कुमार सहित अनेक खेल प्रेमी मौजूद थे।

## जेब काटने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार



यमुनानगर। पांचों आरोपी हिसार, रोहतक व गोहाना के रहने वाले

- हिसार, रोहतक और गोहाना के रहने वाले हैं पांचों आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की सीआईए वन पुलिस टीम ने जेब काटने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी हिसार, रोहतक व गोहाना के रहने वाले हैं। पुलिस ने पांचो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सीआईए वन के इंचार्ज वीरेन्द्र सिंह वालिया ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि बस स्टैंड पर दो आरोपी किसी व्यक्ति की जेब काटने की तलाश में हैं। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक इंस्पैक्टर मक्खन सिंह, विपिन, धर्मबीर, सुरेन्द्र व अवतार की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके से दो युवकों को पकड़ा। जिनकी पहचान हिसार निवासी संजय व रोहतक निवासी सोनू के नाम से हुई। आरोपियों ने दस फरवरी 2024 को पौंटा साहिब बस में जा रहे एक व्यक्ति के बैग की चैन खोल कर उसमें से छोटा बैग चोरी कर लिया था। जिसमें 19 हजार रुपए नकदी, एक सोने की अंगूठी व सोने की बालियां थी। आरोपियों से सामान बरामद किया गया।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर ।** गांव पंजेटों निवासी मनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के ही अपने दोस्त 18 वर्षीय मोहित कुमार के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। शाम को करीब साढ़े सात बजे जब वह गांव छोली के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही मारुति कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान मोहित कुमार की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### अनियंत्रित ट्रक ने बाइक चालक को कुचला, मौत

**यमुनानगर।** गांव रसूलपुर निवासी सुरेंद्र कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पति 45 वर्षीय राजकुमार के साथ बाइक पर किसी काम से आ रही थी। जब वह गांव कुराली के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिर गए। इस दौरान ट्रक का पहिया उसके पति के सिर के ऊपर से गुजर गया। जिससे उसके पति की मौके पर ही मौत हो गई। मौका पाकर आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### इसराना निवासी व्यक्ति का शव रजवाहे में मिला

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना निवासी रमेश मूल निवासी गोहाना का शव रजवाहे से बरामद हुआ। रमेश की संदिग्ध हालात में मौत हुई है। यह माना जा रहा है कि शराब का अधिक नशा होने के कारण वह रजवाहे में गिर गया और उसकी मौत हो गई। अविवाहित रमेश निजी बस पर परिचालक था। इसराना थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद रमेश का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पड़ोस की महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**समालखा।** समालखा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में तीन भाइयों ने पड़ोसन से रेप की कोशिश की। उन्होंने पड़ोसन को बीच रास्ते में रोका। उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी मौके से फरार हो गए। महिला का इलाज करवाने के बाद पति की शिकायत पर समालखा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### युवक पर चाकू से हमला सात के खिलाफ केस दर्ज

**मुलाना।** पुलिस को दी शिकायत में नखडोली गांव निवासी मोहित ने बताया कि बीती 25 मार्च को वह अपने चचेरे भाई कार्तिक के साथ मुलाना से नखडोली की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान जब वे विश्वकर्मा मंदिर के पास पहुंचे तो तीन मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए हमलावरों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। वहीं चाचा के बेटे कार्तिक के भी सिर में चाकू से हमला किया। पुलिस ने गोकलगढ़ के हिमांशु और अनुज सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### विक्रम संवत ही हमारा राष्ट्रीय संवत है : मिश्र

**कुरुक्षेत्र।** प्राचीन भारतीय कालगणना आधारित विक्रम संवत विश्व का वैज्ञानिक आधार पर प्रमाणित प्रथम पंचांग है। शास्त्रों के अनुसार, ब्रह्माजी ने इस दिन सम्पूर्ण सृष्टि और लोकों का सृजन किया था और इसी दिन भगवान विष्णु का मत्स्य अवतार भी हुआ था। भारत में विक्रमी संवत, जिसे उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने 56 ईसा पूर्व शुरू किया, जो चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से शुरू होता है। इसे सभी सनातन धर्म के मानने वाले नव वर्ष के रूप में मनाते हैं।

## विधायक आनंद ने आमजन के साथ देखा पीएम मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम

- प्रधानमंत्री हर बार मन की बात कार्यक्रम में कोई न कोई नई सीख देते हैं : जगमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को रघुनाथ नगर (बूथ नंबर 213) में आमजन के साथ बैठकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर बार मन की बात कार्यक्रम में कोई न कोई नई सीख देते हैं।

हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए, देश की तरक्की और खुशहाली में अपना योगदान देना चाहिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार मन की बात के कार्यक्रम में छात्रों को नए हुनर सीखने और खुद को निखारने की सीख दी है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने कहा, गर्मियों के दिन लंबे होते हैं और बच्चों के पास इस दौरान करने के लिए बहुत कुछ होता है। यह समय अपने हुनर को निखारने के साथ-साथ कोई नया शौक पालने का भी है। इन छुट्टियों में आपके पास स्वयंसेवी गतिविधियों और सेवा कार्यों से जुड़ने का भी अवसर है। इस मौके पर मोहन लोथी, दीपक शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।



## प्रतिभावान युवाओं की मदद के लिए तैयार : जिन्दल

- कुवि द्वारा आयोजित 17 वें राष्ट्रीय युवा संसद में युवाओं से रूबरू हुए सांसद नवीन जिन्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर प्रतिभा होती है। उसकी पहचान करके उसे बाहर दुनिया के सामने लाने वाला सफल इंसान होता है। प्रतिभावान युवाओं की मदद करने के लिए वे हर संभव सहयोग करने को तैयार हैं।

सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉन्ज में भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित 17 वें राष्ट्रीय युवा संसद में युवाओं से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने युवाओं को संसद की कार्य प्रणाली से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर हुई जिसके पश्चात छात्र कल्याण अधिष्ठाता, प्रो. ए. आर चौधरी ने स्वागत प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उनकी इच्छा है कि ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और यहां के विद्यार्थी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी का भ्रमण करके आपस में विचार सांझा करें और सूचनाओं एवं नई शिक्षा तकनीक का आदान-प्रदान करें। उन्होंने बताया कि ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी विश्व भर में 300 से अधिक विश्वविद्यालयों के साथ कोलैब करती है। इसके साथ ही सांसद नवीन जिन्दल ने युवा संसद में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को रविवार को दिल्ली में होने वाले पोलो मैच का निमंत्रण दिया।



#### युवा संसद में चर्चा

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विकसित भारत युवा संसद युवा आवाजों के लिए राष्ट्रीय चर्चाओं में भाग लेने और विकसित भारत/2047 के लिए दृष्टिकोण को आकार देने का एक मंच है। यह नेतृत्व, नागरिक भागीदारी और नीति चचार्ओं को बढ़ावा देता है, जिससे छात्र प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श कर पाते हैं। युवाओं को संसदीय लोकतांत्रिक परम्परा के आधारभूत मूल्यों व प्रक्रियाओं से परिचय कराने में युवा संसद प्रतियोगिता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम के दौरान विजेता युवाओं का चयन भी चयन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर असीम मिगलानी, ग्रुप कोऑर्डिनेटर डॉ. दिनेश चहल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर ए.आर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## राजपूतों ने सपा सांसद अखिलेश का पुतला जलाया

- राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

महाराणा प्रताप क्षत्रीय सभा पानीपत के तत्वावधान में राजपूत समाज ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ प्रदर्शन किया और जीटी रोड पर दोनों का पुतला जलाया।

सभा के प्रधान सुरेश राणा व वरिष्ठ उप प्रधान सतपाल राणा ने कहा है कि वीर शिरोमणि महाराणा संग्राम सिंह सांगा ने हिंदू धर्म और देश के लिए 100 लड़ाइयां लड़ी और सभी में जीत हासिल की महाराणा संग्राम सिंह एक वीर यौद्धा थे। उन्होंने मुगलों को कई बार युद्ध में पराजित किया।

उन्होंने कहा कि राणा सांगा ने देश को मुगल आक्रांताओं के अधीन नहीं होने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने अखिलेश यादव की शह पर राणा सांगा पर अभ्रद टिप्पणी करते हुए राजपूत समाज का ही नहीं पूरे राष्ट्र का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि दोनों पर राष्ट्रद्रोह का केस दर्ज किया जाना चाहिए। महासचिव यशपाल राणा ने कहा कि सपा सांसद को इतिहास का ज्ञान नहीं है।



पानीपत। उप्र के पूर्व सीएम अखिलेश यादव व सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला जलाते हुए राजपूत।

## उत्कृष्ट गायकों को किया सम्मानित

- एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का संगीतनुमा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा उत्कृष्ट गायकों को बड़ा मंच प्रदान करते हुए सुपरस्टार सिंगर सम्मान समारोह का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर फिल्म एवं टीवी अभिनेता अभिनव चतुर्वेदी सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट ओर नैशनल प्रेसिडेंट डॉ रंजोध सिंह, स्टेट चेयरमैन यूपी गौरव गाबा, इंटरनेशनल डायरेक्टर संदीप कुमार, इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा, नैशनल डायरेक्टर पूनम गोयल ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। गायकों ने गीतों के माध्यम से करप्शन फ्री इंडिया का संदेश दिया। उत्कृष्ट गायकों को बुके और ट्रॉफी देकर सुपरस्टार सिंगर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### गायकों ने ये गीत गाए

सुपरस्टार सिंगर अवॉर्ड से सम्मानित सिंगर रणजीत गिल ने नैनो में सपना, अवतार सिंह तारी ने पर्दा है पर्दा, हरीश वधावन ने दिल का आलम, सुरेन्द्र मोहन गाबा ने जो तुमको हो पसंद, प्रदीप त्यागी ने चली आना तू, राजीव गोयल ने इक अजनबी हसीना से, ओम प्रकाश ने चांद से पर्दा कीजिए, राजन छिब्बर ने चांद सी महबूबा,राजेश जोगी ने हाल क्या है दिलों का,अरुण थापर ने वादा तेरा वादा,जरनैल सिंह ने तुम से बढ़कर, विनोद मंगला ने तौबा ये मतवाली चाल, नीरू चौधरी ने दिल चीज क्या है, राम खटक ने मेरा तो जो भी कदम है, सोनिया पांचाल ने ए दिल मुझे बता दे, आदि गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### विक्रमी नवसंवत-2082 प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया गया

## कहीं हुए हवन-यज्ञ तो कहीं निकली प्रभातफेरी

- श्रद्धालुओं ने ध्वजा परिक्रमा यात्रा निकालकर नवसंवत के बारे में युवाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय परंपरा अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर से शुरु होने वाले राष्ट्रीय नववर्ष एवं विक्रमी संवत 2082 रविवार को प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कहीं पर हवन-यज्ञ किए गए तो कहीं पर प्रभातफेरी निकालकर हिंदू नवसंवत को मनाया गया।

खास बात यह रही कि नवसंवत पर अधिकांश लोगों ने अपने घरों पर भगवा ध्वज फहराया। वहीं, प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने नवसंवत की सभी प्रदेशवासियों को शुभकॉमनाएं दी। इसी कड़ी में शहर स्थित माता ज्वाला मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा रविवार तड़के नवसंवत व प्रथम नवरात्र पर्व के अवसर पर शहर में ध्वजा परिक्रमा यात्रा निकाली गई। परिक्रमा यात्रा में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए लोगों को हिंदू नवसंवत के बारे में महत्व बता रहे थे। इस दौरान प्रभातफेरी का जगह-जगह स्वागत किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



यमुनानगर। विक्रमी संवत व प्रथम नवरात्र के अवसर पर रविवार को ज्वाला माता मंदिर के श्रद्धालु शहर में ध्वजा परिक्रमा यात्रा निकालते हुए।

### श्रीराधा कृष्ण मंडल ने आयोजित किया हवन

नवसंवत के शुभारंभ पर श्रीराधा कृष्ण मंडल द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया ।

मंडल सदस्यों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर जिलेवासियों के अच्छे स्वास्थ्य व सुख समृद्धि की कामना की। मंडल के वरिष्ठ सदस्य प्रेम प्रकाश ने कहा कि प्रकृति के हिसाब से हिंदू नव वर्ष नवसंवत का बहुत ही ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व है। युवा पीढ़ी को अपने हिंदू नव वर्ष के इतिहास के बारे में जागरूक होना चाहिए।

#### युवाओं को नवसंवत के लिए करें जागरूक

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने नवसंवत-2082 की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकॉमनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं को नव संवत के बारे में जानकारी देनी चाहिए। ताकि वह भारतीय संवत के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष ऐसा महान देश है, जिसने विश्व को कालगणना के सिद्धांत को प्रदान किया। हमारे देश में नव संवत्सर का प्रारम्भ विक्रम संवत के आधार पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से मनाया जाता है।

## हरियाणा पुस्तकालय संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

- पुस्तकालयों में पुस्तकालय कर्मियों की भर्ती की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा पुस्तकालय संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपकर हरियाणा के सरकारी महाविद्यालयों, विद्यालयों और जन पुस्तकालयों में पुस्तकालय कर्मियों की तत्काल भर्ती की मांग की है।

संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि हरियाणा के सरकारी महाविद्यालयों में पिछले 50 वर्षों से पुस्तकालयाध्यक्षों की सीधी भर्ती नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा स्थापित विद्यालयों में भी पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति प्रक्रिया वर्षों से लंबित है। उन्होंने बताया कि सरकारी संस्थानों में प्रतिवर्ष लाखों रुपयों की पुस्तकें खरीदी जाती हैं, परंतु उचित रखरखाव और योग्य पुस्तकालय कर्मियों के अभाव में इन पुस्तकालयों का लाभ विद्यार्थियों तक नहीं पहुँच पाता। सदस्यों ने चिंता व्यक्त की कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं है, जबकि सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों में प्रारंभिक स्तर से ही एक सुसंगठित पुस्तकालय, योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष और अन्य पुस्तकालय कर्मचारियों की उपलब्धता अनिवार्य है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि वे इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के सभी पुस्तकालयों में योग्य पुस्तकालय कर्मियों की शीघ्र नियुक्ति करें।

**खबर संक्षेप**



## बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव 12 को

**करनाल।** शहर के अर्जुन गेट स्थित श्री सेवा समिति आश्रम में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा 12 अप्रैल को बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन को लेकर समिति के सभी सदस्यों में काफी उत्साह है। इस अवसर पर श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला व मुख्य सेवक विकास गर्ग ने बताया कि संकीर्तन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## शहर की सुख-शांति के लिए हवन यज्ञ

**घरौंडा।** भारत विकास परिषद की शाखा तरावड़ी द्वारा अनाज मंडी में नवरात्रि के पहले दिन शहर की सुख-शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें परिषद केस सभी सदस्यों ने हिस्सा लेकर हवन-यज्ञ में आहुति डाली। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष योगेश मिड्डा ने कहा कि परिषद की ओर से नवरात्रि में शहर की सुख शांति के लिए कामना के लिए हवन-यज्ञ करवाया जाता है तथा इसके अलावा भी परिषद की ओर से शहर में समय-समय पर सामाजिक एवं धार्मिक कार्य करवाए जाते है।

## देश की सुख-शांति की कामना के लिए की पूजा

**घरौंडा।** आज भारत विकास परिषद शाखा पड़वाला के सभी सदस्यों ने हिन्दू चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी नव संवत 2082 के शुभ आगमन पर मंडी स्थित कार्यालय में दुकान नंबर 56 पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पड़वाला परिषद के सभी सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर परिषद पड़वाला के अध्यक्ष रामपाल लाठर एवं रणजीत भारद्वाज ने कहा कि परिषद की ओर से हर वर्ष हिन्दू चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत पर कार्यक्रम का आयोजन कर देश की सुख-शांति की कामना की जाती है।

### शिक्षा मानव को ऊंचा उठाने वाली उत्तम शक्ति है: विनीत गर्ग

# संतों की कृपा से भारतीय संस्कृति का परचम सारे विश्व में लहरा रहा: बंडारू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नैतिक संस्कारों से सुशोभित आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु स्थापित संस्थान वी.यू.एम.एम. जैन पब्लिक स्कूल का रजत स्थापना महोत्सव उत्साहपूर्वक रंगारंग माहौल में मनाया गया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सद्संस्कार, नैतिकता को प्रमुखता देने वाले इस कार्यक्रम में अपने सम्मिलित होने को हर्ष का विषय बतलाया। उन्होंने कहा कि संतो की कृपा से भारतीय संस्कृति का परचम सारे विश्व में फहरा रहा है और भारत विकसित देशों की श्रेणी में प्रमुखता से ऊंचे मुकाम पर स्थित हो रहा है। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों की मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को शानदार तथा बेहतरीन बतलाते हुए छात्राओं के अच्छे प्रदर्शन को सभी के लिए प्रेरक कहा। उन्होंने मस्तिष्क, शरीर तथा मन के विकास और शुद्धिकरण को सफलता का मूलमंत्र बतलाया। संस्थान प्रेरक भारत संत गौरव उपप्रवर्तक पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि संत विभूतियों के पवित्र नाम से स्थापित शिक्षण संस्थान समाज के बुनियादी तौर पर आवश्यक विकास के लिए नींव का पत्थर साबित होते हैं क्योंकि यहां भौतिक शिक्षा के साथ नैतिकता, नेक चाल-चलन सर्वांगीण विकास पर बल दिया जाता है। नन्हे-मुन्ने शिशु विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक अदाओं से मंच को जीवंत कर दिया। आपसी तालमेल के साथ बाल कलाकारों की प्रस्तुतियां सभी की वाहवाही का अर्जन कर रही थीं। डांडिया, राजस्थानी नृत्य, पंजाबी गिद्दा तथा भंगड़ा, देश के विभिन्न राज्यों के संस्कृति में विभिन्नता के बावजूद बुनियादी एकता को झलकाती प्रस्तुति, महिला सशक्तिकरण के संदेश पर आधारित लघु नाटिका, शिव नृत्य, नवरात्रि पर मां दुर्गा अभिनंदन आदि कार्यक्रमों ने दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने के लिए विवश किया। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत की सफल चंद्रयान यात्रा के पूर्ण इतिहास को कलात्मक ढंग से मंच पर दिखाया गया। पिता-पुत्री के प्रगाढ़ आत्मीयतापूर्ण संबंध को दर्शाता कार्यक्रम तालियां बटोरने और भावविभोर करने में समर्थ रहा। महिलाओं की बढ़ती शक्ति और प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के साथ नारी जाति में अपरिमित विकास संभावनाओं का संदेश देने वाला प्रस्तुतीकरण लाजवाब रहा। अध्यक्षता देवराज सतीश गोयल (पारुल फूड्ज, खानपुर कोलियां) ने की। ध्वज फहराने का सौभाग्य नरेंद्र गर्ग डिंपल ( अंबा एग्रो, कुरुक्षेत्र) ने लिया। दीप प्रज्ज्वलन अरुण जैन ( सीको इंडस्ट्रीज, जालंधर) ने संपन्न किया। मुख्य सहयोगी के रूप में निक बेकर्ज ग्रुप के चेयरमैन श्री विनोद मित्तल उपस्थित रहे। अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग आईएएस ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा मानव को ऊंचा उठाने वाली उत्तम शक्ति है, जिससे संपन्न होने पर जीवन बहुमूल्य बनता है। सच्ची शिक्षा अज्ञान के अंधेरे से निकालकर उज्ज्वलता के प्रकाश से मालामाल करती है।





**ये रहे मुख्य रूप से मौजूद**

विधायक जगमोहन आनंद, योगेंद्र राणा, मेयर रेणुबाला गुप्ता, चेयरपर्सन मूक बधिर कल्याण समिति मेघा भंडारी, केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल के लोकसभा प्रतिनिधि कविंद्र राणा, जिलाधीश उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया, अनेक न्यायाधीश आदि उपस्थित रहे। लक्की ड्रा में पुरस्कार निकाले गए। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।



## स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में योग करवाया

- मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा मिशन प्रमुख योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में सेक्टर 12 में हुआ विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा मिशन प्रमुख योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में सेक्टर 12 आयोजित विशेष कार्यक्रम में योग करवाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष योग शिविर में दिनेश गुलाटी ने योग का सत्र करवाया। उन्होंने साधकों को सभी प्रकार के आसान की विधि बताते हुए उनके लाभ बताए।दिनेश गुलाटी ने दैनिक जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए योग के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने योग साधकों को बताया कि योग द्वारा कई बीमारियां जैसे डिप्रेशन, घबराहट, तनाव, अनिद्रा का इलाज काफी हद तक संभव है। उन्होंने कहा कि योग एक चिकित्सा प्रणाली है जिसके द्वारा लंबे समय तक स्वस्थ जीवन व्यतीत किया जा सकता है। योग लंबे समय तक प्रभाव कारी है।योग अवसाद और चिंता में सबसे ज्यादा कारगर है। योग मानसिक संतुलन बनाए रखता है उन्होंने सांस लेने की तकनीक का अभ्यास करवाया जिससे हमारा श्वसन तंत्र मजबूत हो सके और हम मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें। कार्यक्रम में कथा श्रवण करने आए लोगों ने भी उनके साथ योग का अभ्यास किया। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में सेक्टर 12 आयोजित विशेष कार्यक्रम में योग करवाया गया।



## खेडा रोड स्थित दरगाह पर 45वां भंडारा व मेला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के खेडा रोड पर मटक माजरी के समीप दरगाह पीर हजरत सैयद इलाही बक्श पर नव सम्वत का लगने वाला 45वां भंडारा व मेला शुरू। इस मेले का शुभारंभ श्री कृष्ण दरबार दरगाह पीर अनवारे सादिक कुरुक्षेत्र के गद्धी नसीन दीपक कश्यप ने दरगाह पर चादर चढ़ाकर किया। इस अवसर पर दीपक ने कहा कि आपसी भाईचारा बनाए रखने व क्षेत्र की सुख शांति के लिए 45 वर्ष पूर्व संत रामधन ने शुरू किया था। उस समय से आज तक इस दरगाह पर नव संवत के मौके पर भंडारे व मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें क्षेत्र व दूर दराज से श्रद्धालु पहुंच कर बाबा जी की दरगाह पर मन्नत मांगते है।

## एसयूडी लाइफ को मिली वित्तीय मजबूती

**करनाल।** वित्तीय 2023-24 में एसयूडी लाइफ ने वर्ष के लिए व्यक्तिगत लाभांश के लिए 98.29% , समूह अनुपात के लिए 95.53% , और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ने वर्ष के लिए व्यक्तिगत लाभांश अनुपात 99.09% प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त , इसी वित्तीय वर्ष में कंपनी ने 1 , 992 व्यक्तिगत मृत्यु मृतकों का रु .ये आंकड़े सऊदी लाइफ द्वारा हाल के वर्षों में मांगे गए निरंतर उत्कृष्टता की यात्रा के प्रमाण हैं। वित्तीय वर्ष 2022-22 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-22 की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बेहतर रहा है , जब कंपनी ने वर्ष के लिए व्यक्तिगत शेयरों के लिए 96.07% , ग्रुप समूह के लिए 97.37% , और पार्ट-जेजेबीवैदावों के लिए 96% का ठोस अनुपात रखा था।

# विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने दी 3 करोड़ 14 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

- बसताड़ा गांव में आयोजित किया गया अभिनंदन एवं जन समस्या सुनवाई कार्यक्रम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज अभिनंदन एवं जन समस्या सुनवाई कार्यक्रम के तहत घरौंडा हलके के बसताड़ा गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनके निवारण के निर्देश दिए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों को 3 करोड़ 14 लाख रुपये की दो विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने जीटी रोड़ से गांव मुबारकाबाद तक 1 करोड़ 75 लाख की लागत से बनने वाली नई सडक़ का शिलान्यास व गांव बसताड़ा में 1 करोड़ 39 लाख की लागत से तालाब के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर मौजिज लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि आप सबके आर्शीवाद से ही तीसरी बार हलके की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आने वाले समय में सबको साथ मिलकर हल्के को आगे बढ़ाना है। हरविंद्र कल्याण ने कहा पिछले 10 वर्षों में हलके के सभी गांवों में विकास कार्य हुए हैं। धन्यवादी दौरे के दौरान वे हर गांव से भविष्य में कराए जाने वाले कार्यों की सूची प्राप्त कर रहे हैं। इन सभी जरूरी कामों को प्राथमिकता से पूरा कराया जायेगा।

इस मौके पर एसडीएम राजेश सैनी, डीडीपीओ संजय टांक, बीडीपीओ अशोक छिक्कारा, पंचायती राज से एसडीओ जय भगवान, नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, राजेश जोगी, सुरेंद्र, सुभाष कश्यप, सरपंच सुरेश फौजी, पूर्व सरपंच कुटेल, समर सिंह राणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

# वनीत भाटिया फिर से भाटिया सेवा मंच के प्रधान चुने गए, हुआ स्वागत

- भाटिया सेवा मंच सभी को साथ लेकर चलेगा : भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



भाटिया सेवा मंच के नव निर्वाचित प्रधान वनीत भाटिया ने कहा कि उनकी प्राथमिकता युवाओं को रोजगार से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने के साथ युवाओं को संस्कार देने की रहेगी। उन्होंने बताया कि वह भाटिया सेवा मंच के साथ अधिक से अधिक भाटिया विरादरी के परिवारों को जोडऩे के लिए अभियान चलाएंगे श्री भाटिया ने कहा कि इस समय करनाप जिले में सात सो से अधिक परिवार हैं। उनकी ट्रस्ट में लगभग तीन सौ से अधिक परिवार जुडे हुए हैं। आज भाटिया सेवा मंच की चुनावी बैठक करनाल क्लब में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक तथा चुनाव अधिकारी सुरेंद भाटिया ने वनीत भाटिया के फिर से प्रधान के पद पर निर्वाचन की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस पद के लिए केवल एक ही नामांकन भरा गया। इसके बाद किसी ने भी प्रधान पद के लिए नामाकंन दाखिल नहीं किया। जिसके बाद उन्हें अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष पद पर निर्वाचन के बाद उन्हें सभी ने बधाई दी। इस अवसर पर भाटिया सेवा मंच के संरक्षक सेठ घनश्याम दास भाटिया, सुरेंद्र भाटिया, हरीश भाटिया, विजय भाटिया, अनिल भाटिया, चंद्रप्रकाश भाटिया, नरेश भाटिया, रधुनाथ भाटिया, दिनेश भाटिया, विकास भाटिया, प्रभुदयालन भाटिया,अल्पित भाटिया, अंकित भाटिया, जगदीश भाटिया, विक्रांत भाटिया, वीर प्रकाश भाटिया आदि रहे।




## आईएमए के अध्यक्ष बने डॉ दीपक प्रकाश

**करनाल।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा नये प्रधान डॉ दीपक प्रकाश सहित नई कार्यकारिणी के गठन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईएमए के नव-नियुक्त प्रधान डॉ दीपक प्रकाश ने कहा कि जो जिम्मेदारी आईएमए ने उन्हें वर्ष 2025-26 के लिए सौंपी है उसे वह पूरी लग्न व निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आईएमए का स्लोगन रहेगा समग्र कल्याण को सशक्त बनाना। उनका प्रयास रहेगा कि डाक्टर और मरीज के बीच में प्यार भरा रिश्ता बने और अगर कहीं कोई गैप है तो उसे आपसी सौहार्द पूर्ण रूप से दूर किया जाए। प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों को आईएमए के बैनर तले आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। आईएमए के पूर्व प्रधान डॉ रोहित सदाना ने मैडल ऑफ़ ऑनर पहनाकर नये प्रधान डॉ दीपक प्रकाश को बधाई दी। आईएमए की नयी टीम में डॉ गौरव भास्कर महासचिव, डॉ पूनम कपूर फाइनेंस सेक्रेटरी , डॉ गौरव थामी एवं डॉ प्रियंका सिंह मिमानी को जॉइंट सेक्रटरी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अभय कुमार सूद को हाल ऑफ फेम अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

# राजपूत सभा के परिचय सम्मेलन में 65 युवक युवतियों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



रविवार को राजपूत सभा करनाल की ओर से प्रथम राजपूत युवक युवती सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 65 युवक युवतियों ने अपने रजिस्ट्रेशन दर्ज करवाएं।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान अतिथियों की ओर से एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया जिसमें विवाह योग्य राजपूत समाज के युवक युवतियों के संक्षिप्त परिचय दिए गए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने की। वही इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैप्टन राजेंद्र सिंह और विशिष्ट तिथि के तौर पर पवन राणा शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व विधायक रेखा राणा और इनेलो के करनाल जिलाध्यक्ष रहे यशवीर राणा कुकू को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सभा की तरफ से सम्मान का सूचक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि विक्रम संवत नव वर्ष के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप नंबरदार, महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा, सुरेंद्र सिंह सहित सभा के पदाधिकारियों ने रूपरेखा तय की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैप्टन राजेंद्र सिंह ने राजपूत सभा को एक लाख रुपए चंदा देने की घोषणा की और विशिष्ट तिथि पवन राणा की तरफ से स्मारिका के लिए सवा लाख रुपए देने की बात कही।

# भारत भूषण जुआल बने हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष

- हरियाणा में खेलों को सर्वोत्तम बनाने के लिए पूरी निष्ठा से रहूंगा समर्पित :भारत भूषण जुआल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जूआल को हरियाणा ओलम्पिक संघ का उपाध्यक्ष चुना गया। भारत भूषण जुआल ने अपनी इस नियुक्ति का श्रेय हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, करनाल सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली को देते हुए उनका आभार व अभिनंदन किया। उन्होंने इसके लिए जिला फुटबाल संघ यमुनानगर एवं हरियाणा फुटबाल संघ एवं भाजपा के सभी कनिष्ठ एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया। भारत भूषण जुआल जो कि वर्तमान में बतौर भाजपा करनाल जिला प्रभारी का दायित्व निभा रहे हैं। हरियाणा ओलंपिक संघ के इस चुनाव में जसविंदर मीनू बे नि वा ल अध्यक्ष एवं कृष्ण लाल पंवार जनरल सेक्रेटरी चुने गए हैं। हरियाणा ओलंपिक संघ का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भारत भूषण जुआल ने भाजपा केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का सहृदय आभार जताते हुए कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि हरियाणा प्रदेश को खेलों में सर्वोत्तम बनाने में पूरी निष्ठा से समर्पित रहूंगा। बता दें कि करनाल भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जूआल को हरियाणा ओलम्पिक संघ का उपाध्यक्ष चुना गया। इसके लिए उन्होंहने भाजपा हाईकमान का आभार व्यक्त किया।

### 30 से 6 अप्रैल तक महाबीर मन्दिर मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन

# भगवान श्री राम के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



मंच पर विराजमान आचार्य प्रहलाद मिश्रा जी रामायणी।



तरावड़ी। कथा में उपस्थित महिलाएं व पुरूष। फोटो: हरिभूमि

विक्रमी संवत 2082 के नवरात्रों के शुभ अवसर पर श्री राम सेवा मंडल तरावड़ी की ओर से तीस मार्च से 6 अप्रैल तक महाबीर मन्दिर मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन आज से शुभारंभ हुआ। पहले दिन की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे मदनलाल सचदेवा समाजसेवी ने ज्योति प्रज्जवालित करके श्री राम कथा का शुभारंभ किया। श्री राम कथा इस कार्यक्रम में श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा जी रामायणी ने पहले दिन की कथा ने कहा जो भक्त गुरु और श्री राम का नाम लेते हैं उन पर हमेशा प्रभु का आर्शीवाद बना रहता है। कलयुग में केवल श्री राम का नाम ही प्रभु को पाने का सुगम रास्ता है। सत्संग श्रवण करने से ही श्री राम नाम की ज्योति प्रज्वलित होती है। जिससे हमारे जीवन में आई हुई सभी बाधाओं को दूर कर देती है। उन्होंने कहा जब हमारे जीवन में सत्संग का आगमन होता है तब हमारा मिलन प्रभु एवं भक्ति से होता है। उन्होने कहा कि सत्संग दो शब्दो के सुमेल से बना है सत व संग, सत का भाव ईश्वर एवं संग का भाव मिलाप। अर्थात जब तक हम ईश्वर से नहीं मिल पाते, उसका साक्षात्कार नहीं कर लेते तब तक जीवन में सत्संग नहीं हो सकता। क्योंकि सत्संग मात्र बातें या चर्चा का विषय नहीं वरन् सम्पूर्ण व्यवहारिकता है। हमारे जीवन में वास्तविक सत्संग तब घटित होगा जब हम उस एक अर्थात ईश्वर को जान लेगें। परन्तु अब यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि ईश्वर से कौन मिलाएगा मात्र गुरू, क्योंकि वो ही है जो हमारे तम को तिरोहित कर हमारे घट में ईश्वर का अपरोक्ष अनुभव करवा सकता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनहोने अपने श्री राम कथा के प्रसंग सुनाते हुए श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कथा में समाजसेवी मदनलाल सचदेवा, हंसराज पाहुजा, अध्यक्ष सतपाल सचदेवा, हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष अमन शर्मा, बालकिशन त्रिपाठी, बिट्टू सरदाना, सुरेंद्र खुराना पार्षद, अजय सचदेवा, यशपाल शर्मा समाजसेवी, लक्ष्मण सेठी सहित शहर के गणमान्य लोग व काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।



तरावड़ी। कथा में उपस्थित भक्तजन। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### एक शाम सेठ सांवरिया के नाम संकीर्तन हुआ

**पानीपत।** पानीपत की मोतीराम कॉलोनी स्थित मोहित पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एक शाम सेठ सांवरिया के नाम संकीर्तन हुआ। कार्यक्रम में दिनेश सैनी, पार्षद कोमल पांचाल, अनिल शर्मा, पार्षद सरोज वर्मा एवं पूर्व मेयर सुरेश वर्मा, हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल ने शिरकत की। वहीं कार्यक्रम में शिक्षाविद् बोधराज श्योराण एवं 125 बार रक्तदान करने पर संजय ठाकुर को प्राचार्य राजेंद्र पाल ने पगड़ी, पटका व खाटू श्याम की फोटो देकर सम्मानित किया।

### हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बैठक

**पानीपत।** दशहरा कमेटी सनौली रोड एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति की संयुक्त बैठक मंदिर श्री रघुनाथ धाम सेक्टर 25 संचालित दशहरा कमेटी में हुई। बैठक में पानीपत की लगभग सभी हनुमान सभाओं ने भाग लिया। बैठक में आगामी 12 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाली शोभायात्रा के बारे विस्तार से चर्चा की गई। दशहरा कमेटी के सरपरस्त पुरूषोत्तम शर्मा ने हनुमान जी की महिमा का वर्णन किया।

### सैनी ने सीएम धामी को पत्र लिखा

**समालखा।** मालपुर किसान मजदूर संघठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू मालपुरिया ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर उत्तराखंड की इकबालपुर स्थित गन्ना मिल में हरियाणा के किसानों की बकाया लगभग 35 करोड़ रुपये राशि को जारी करने का अनुरोध किया है। उसके लिए वह मुख्यमंत्री नाबय सैनी आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले मेरे जिला प्रधान होते हुए करीब 1.40 करोड़ रुपये हम निकालने में सफल हुये थे।

### यूपी की सीमा पर फसल कटवाई

**समालखा।** हरियाणा और यूपी का लंबे समय से यमुना नदी बांध पर जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते हरियाणा के खोजकीपुर गांव में यमुना बांध के अंदर यमुना पार प्रशासन ने पुलिस बल के साथ विवेक चौधरी ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख एसडीएम अमित कुमार की मौजूदगी में फसल कटवाई। इस दौरान किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ। फिलहाल फसल को एसडीएम की कस्टडी में रखते हुए बेचकर एसडीएम खाते में पैसे जमा कर दिए जाएंगे बाद में जिसकी मलकियत साबित होगी उसे पैसे दे दिए जाएंगे।

### घर से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण चोरी किए

**पानीपत।** पानीपत शहर के विजय नगर निवासी अरविंद के घर से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण एक गले का ओम, एक बाली, पायजेब, चांदी का हार, दो घरेलू सिलेंडर, मोबाइल फोन चुरा लिया। अरविंद ने आस-पास के सीसीटीवी भी चेक किए, लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं लगा। अरविंद्र की शिकायत पर पुलिस ने चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गायत्री महामंत्र का जाप

**पानीपत।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं हिंदू नव वर्ष एवं आर्य समाज स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सनातन प्रहरी संस्थान वेद मंदिर के तत्वाधान एवं प्रांगण में गायत्री महामंत्र का आयोजन किया गया। यज्ञ ब्रह्मा आचार्य संजीव वेद अलंकार रहे। जबकि मुख्य अतिथि राजेंद्र शर्मा उद्योगपति रहे।इस अवसर पर मधु शास्त्री, आचार्य संजीव वेदालंकार, वेद मंदिर की प्रधाना बलजीता व सावित्री द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए।

### जिले की मंडियो में सरसों की आवक में आई तेजी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की मंडियो में सरसों की खरीद का कार्य पूरे मापदंडों के आधार पूर्व किया जा रहा है। मंडियों में कुल 12477.61 क्विंटल सरसों की आवक हुई। जबकि 11618. 55 क्विंटल की खरीद हुई है। पानीपत मंडी में 6079.11, समालखा मंडी में 2519, मतलौडा मंडी में 1180.1, बापौली मंडी में 57 क्विंटल, इसराना मंडी में 2642 की आवक हुई।

---

### संवेदना कैंपेन के तहत एचएंडडी मेडिकल पर रक्तदान शिविर लगाया

# कैंप में 103 नागरिकों ने रक्तदान किया

- संवेदना कैंपेन 16 मार्च से शुरू होकर 30 मार्च तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा निफा संस्था द्वारा संवेदना कैंपेन के तहत एच एंड डी मेडिकल पर एक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस रक्तदान शिविर के बारे में बताते हुए समालखा निफा टीम के प्रधान संदीप शर्मा ने बताया कि आज का यह रक्तदान शिविर रेड क्रॉस पानीपत से डॉक्टर पूजा सिंघल के नेतृत्व में, अवनिक लाइफसाइंस समालखा के सहयोग से लगाया गया और इस शिविर में 103 रक्त दाताओं ने भाग लिया । संदीप शर्मा ने बताया की निफा संस्था द्वारा रक्तदान जागरूकता हेतु पूरे भारत वर्ष मे रक्तदान कैंप लगाए जा रहे हैं और जनता को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

यह संवेदना कैंपेन 16 मार्च से शुरू होकर 30 मार्च तक चलेगा, जिसमे सम्पूर्ण भारतवर्ष के साथ साथ विदेशो में भी 2400 रक्तदान कैंप लगाकर और 1 लाख 50 हजार यूनिट एकत्रित करके शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव को श्रद्धांजलि दी जा रही है।इस रक्तदान शिविर मे अवनिक लाइफसाइंस से डॉ जोगिंदर गाहल्याण व एच एंड डी मेडिकल से प्रबंधक सागर शर्मा, अंकित शर्मा, अजय गोयल, मोहित गाहल्याण व समालखा निफा टीम की तरफ से देवेंदर पाल सिंह,सौरभ मित्तल व भारत भूषण मौजूद रहे।



**पानीपत।** निफा के पदाधिकारीगण रक्तदानियों का हौसला बढ़ाते हुए।



**पानीपत।** रेड क्रॉस ब्लड बैंक में रक्तदाता का हौसला बढ़ाते हुए अतिथिगण।

### मानवता की राह पर चलते हुए 31 ने किया रक्तदान

**पानीपत।** हैल्पेज ऑर्फन्स व इंडियन यूथ कौंसिल स्पोर्ट्स फेडरेशन ने मिलकर रविवार को 19वें रक्तदान महाशिविर का आयोजन रेड क्रॉस ब्लड बैंक पानीपत में किया। हैल्पेज ऑर्फन्स के संस्थापक मनन सिंगल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का आयोजन पानीपत जिले में चल रही रक्त की भरी कमी को मध्य नजर रखते हुए व एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए एक भागीदारी के रूप में किया गया है जिसमे पूरे भारत देश में 15 से 30 मार्च तक लगभग 2400 रक्तदान शिविर के जरिये डेढ़ लाख रक्त की यूनिट इकठा की जाएगी। शिविर में 31 लोगों ने रक्तदान किया। जिसके साथ इंडियन यूथ कौंसिल स्पोर्ट्स फेडरेशन नमक संस्था ने अपने नाम पर वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज करने के लिए क्वालीफाई कर लिया है। हैल्पेज ऑर्फन्स से मनन सिंगल, अर्जुन काठपाल, विवेक सचदेवा, अक्षय गेरा, गवीश त्रेहन, जतिन वर्मा, नीतू जैन, नवनीत कौर, सनव गांधी, वर्तिका जैन आदि उपस्थित रहे।



मोदी के मन की बात कार्यक्रम संपन होने पर संबोधन करते हुए विधायक प्रमोद विज।

## मोदी ने पानीपत में पुराने वस्त्रों की रिसाइकिलिंग को सराहा

- शिक्षा मंत्री व विधायक के साथ भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 120वें एपिसोड में पानीपत के विश्व विख्यात टेक्सटाइल उद्योग की खूब चर्चा एवं प्रशंसा की। मोदी ने टेक्सटाइल वेस्ट के विषय पर कहा कि पानीपत टेक्सटाइल वेस्ट से निपटने में ग्लोबल हब बना है। वहीं, पानीपत रद्दी कपड़ों रिसाइकल यानी फिर से उपयोग में लाने लायक बनाने के मामले में वैश्विक केंद्र के रूप में सामने आया है। मोदी ने कहा कि रद्दी कपड़ों से निपटने में कुछ शहर भी अपनी नई पहचान बना रहे हैं। हरियाणा का पानीपत रद्दी कपड़ों को फिर से इस्तेमाल में लाने के मामले में वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। इस प्रोत्साहन को लेकर सीएम नायब सैनी ने पीएम का आभार जताया है। इधर, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जावान मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से हरियाणा की ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेशवासियों के हित और विकसित हरियाणा को संकल्प के लिए अग्रसर है।

दूसरी ओर, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने बूथ नंबर 112 के मॉडल टाउन मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनीं।

---

## सांग उत्सव से ही हरियाणवीं संस्कृति का उद्धार होगा : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पानीपत तथा हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के निदेशक गजेन्द्र फौगाट के निर्देशन में तीन दिवसीय सांग महोत्सव का आज समापन हो गया। तीसरे दिन की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि गजेंद्र फौगाट और विशिष्ट अतिथि दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान ने की। तीसरे दिन राम शरण अत्री एंड पार्टी ने ध्रुव भगत सांग की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर गणमान्य मेहमान दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान, महंत बेबी किन्नर डेरा पानीपत, सतीश डाहर प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज हरियाणा और राम निवास शर्मा समाजसेवी गुरुग्राम ने शिरकत की। सांग उत्सव से ही हरियाणवीं संस्कृति का उद्धार होगा।



### मेयर व पार्षदों का अभिनंदन किया

**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा संचालित ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर थिराना में आज नवनिर्वाचित नगर के महापौर कोमल सैनी व पार्षदों अनिता सुरेंद्र परुथी, अनिल बजाज, अशोक कटारिया, नवल जिंदल, अजीत कुमार उर्फ बिट्टू प्रजापति, अमित नारंग, अनु शर्मा, संजीव दहिया, रॉकी गहलोत, मनजीत कौर आदि का अभिनंदन किया। इस अवसर पर ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर के निदेशक बीके भारत भूषण, पानीपत सर्कल इंचार्ज बीके सरला बहन, बीके सुनीता बहन आदि उपस्थित रहे।

## गजेंद्र को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

- समाज को कुरीतियों से मुक्त करने व साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए डॉ. गजेंद्र हमेशा सक्रिय रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा चुके पानीपत निवासी चौ. गजेंद्र दहिया उर्फ गज्जु बाबा को आगरा में जॉर्जिया डिजिटल यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि दी। मुख्यातिथि बॉलीवुड एक्ट्रेस रितु शिवपुरी ने डॉक्टरेट की उपाधि के तौर पर सर्टिफिकेट, मेडल के साथ सम्मानित किया गया। वहीं डॉ.गजेंद्र दहिया ने हिन्दू वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक के नाते से उपस्थित अतिथियों का स्वागत जय श्री राम का पटका पहना कर किया। स्मरणीय है कि डॉ. दहिया पानीपत ही नहीं बल्कि हरियाणा के जाने माने समाजसेवी है। समाज को कुरीतियों से मुक्त करने व साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए डॉ. गजेंद्र हमेशा सक्रिय रहे।



जॉर्जिया डिजिटल यूनिवर्सिटी में डॉक्टरेट की उपाधि ग्रहण करते हुए गजेंद्र दहिया।

---



अंकन साहित्यिक मंत्र की काव्य गोष्ठी में उपस्थित कवि।

### जवाहर शर्मा की पुस्तक उत्कर्ष के सिद्धांत का विमोचन

**पानीपत।** आर्य पीजी कॉलेज में अंकन साहित्यिक मंच के तत्वावधान में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सुलेख जैन ने की। मुख्य अतिथि डॉ.अंजलि दीवान व विशिष्ठ अतिथि नरेश लाभ रहे। मंच संचालन जवाहर लाल शर्मा व कमलेश कुमार पालीवाल कमल ने किया। वहीं जवाहर लाल शर्मा की छठी पुस्तक उत्कर्ष के सिद्धांत का विमोचन भी किया गया। मंच संरक्षक डॉ.एपी जैन ने जवाहर शर्मा का परिचय देते हुए कहा कि वह एमएएमएड है तथा हरियाणा व पंजाब में चार शैक्षणिक संस्थाओं के संचालक हैं। अंकन साहित्यिक मंच के संयोजक भी रहे हैं, बहुत सी सामाजिक संस्थाओं से सक्रियता से जुड़े हैं। इन्हें शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्रों के लिए दर्जनों सम्मान प्राप्त हैं। काव्य गोष्ठी में डॉ. एपी जैन, सुभाष भाटिया, डॉ.अंजली दीवान, जवाहर लाल शर्मा, कृष्ण कुमार निर्माण, मनोज मधुर भाषी, अनूपिंदर सिंह अनूप, धर्मेंद्र अरोड़ा मुसाफिर, सुधा बत्रा, गुलशन सपड़ा, नरेश लाभ पानीपत, चंद्रशेखर आजाद, महाबीर गोयल पट्टी कल्याणा, सुरेंद्र धीमान बापौली, सुलेख जैन ने अपनी प्रस्तुती दी।

## पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी: कुमार

- कोहंड के खेल स्टेडियम में ग्रीनमैन दलजीत ने टीम के साथ पौधे रोपे
- पानीपत रिफाइनरी के कारण आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण की मात्रा अधिक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने राष्ट्रीय वृक्ष बरगद रोपण अभियान के अंतर्गत गांव कोहंड के युवाओं और देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इको क्लब के विद्यार्थियों के साथ खेल स्टेडियम कोहंड को ऑक्सीजन खेल स्टेडियम में तब्दील करने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम का आरम्भ किया। पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि रविवार को कोहंड गांव के युवाओं राहुल रावल, बिंदर, लोकेश रावल, वनिश, आदित्य, जयंत, यश, अभिषेक, सुरेश रावल, जोगिंदर रावल, मिंकू रावल, आनंद आदि के साथ आठ बरगद, तीन पीपल, जामुन, चार नीम, पापड़ी सहित 20 पौधे रोपित किए। ग्रीनमैन दलीत ने कहा कि पानीपत रिफाइनरी के कारण आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण की मात्रा अधिक है और कोहंड के खेल स्टेडियम में हजारों की संख्या में युवा और गांव के गणमान्य व्यक्ति व्यायाम करने आते हैं।



**पानीपत।** ग्रीनमैन प्रो. दलजीत अपनी टीम के साथ कोहंड के खेल स्टेडियम में बरगद का पौधा रोपते हुए। फोटो :हरिभूमि

---

### मेरा गांव मेरा देश में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा मेरा गांव मेरा देश में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित, प्रो.अजय पाल, प्रो.माधवी व डॉ. ज्योति गहलोत ने शुभकामनाओं के साथ रवाना किया इस भ्रमण को सफल बनाने में राजेश, रूहानी, साक्षी, रितिका, करुणा, निशा, रीना, रुचिका, मनीत, आकांक्षा, जागृति, हिमानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



राजकीय स्कूल आसन कलां में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का स्वागत करते हुए शिक्षक फोटो :हरिभूमि

### शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने गांव काबड़ी के सरकारी स्कूल में जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। इस दौरान बिजली, फैमिली आईडी, स्वास्थ्य सेवाओं, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क मरम्मत और राशन वितरण से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। मंत्री ढांडा ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को निर्देश दिया कि इनका शीघ्र समाधान किया जाए, जिससे जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ढांडा ने जनता को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### स्कूल टीम के साथ सेल्फी प्वाइंट तैयार किया

**पानीपत।** पानीपत जिला के सरकारी विद्यालयों में दाख़िला बढ़ाने एवं बच्चों को सरकारी स्कूलों के प्रति आकर्षित करने के लिए जिला शिक्षा विभाग पानीपत, प्राचार्य, प्राध्यापक एवं अध्यापक निरंतर प्रयासरत हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली के ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने अपनी टीम के साथ मिलकर एक सेल्फी प्वाइंट बनाया है जिसमें बच्चों को स्कूल में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया गया है। सेल्फी प्वाइंट में संदेश दिया है कि मुझे स्कूल आना है और शिक्षित होकर अपने राष्ट्र को आगे बढ़ाना है।

## सनातन नव वर्ष का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

हिन्दू जन जागृती मंच कमेटी प्रधान विकास छोक्कर की अध्यक्षता में नए वर्ष शुरु होने की खुशी में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में हलके के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी माडल टाऊन के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला व गुरुद्वारा कमेरी जीटी रोड़ प्रधान गोपाल सिंह ने भी शोभायात्रा में शिरकत की। प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने कहा कि समस्त देशवासियों को नव संवत्सर की ढेरों शुभकामनाएं। सनातन नव वर्ष का स्वागत किया। यह पावन-पुनीत अवसर आप सभी के जीवन में नया उत्साह लेकर आए, जो विकसित भारत के संकल्प में भी नई ऊर्जा भरे। बिल्ला ने कहा कि हिंदू नववर्ष का शुभारंभ हो गया है। वहीं धार्मिक मान्यता के अनुसार हिंदू नववर्ष की शुरुआत के साथ ही ब्रह्म जी ने सृष्टि की रचना करने की शुरुआत की थी। इस अवसर पर शाम सिंह, नानक सिंह, विजेन्द्र सिंह, आंनद,अनूज, प्रताप सिंह,राजेश पंचाल, रविंद्र,नरेश कुमार,एएस वर्मा,भीम गुज्जर, मेहर,सुरत सिंह,एसपी गुज्जर,नरेन्द्र कुमार, शंकरदत आदि मौजूद रहे।



नव सनातन वर्ष पर हिन्दू जन जागृती मंच कमेटी शोभा यात्रा निकालते हुए।

---

**स्पर्धा** सुरेन्द्र मलिक ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी

## बुआना लाखू क्रिकेट टीम ने परफेक्ट इलेवन को हराया

मुख्य अतिथि सुरेन्द्र ने बॉक्सिंग कोच को स्मृति चिन्ह भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डीआर इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट मैदान काकोदा, पानीपत में खेली जा रही आठवीं डीआर 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत रविवार को पहले सेमीफाइनल मैच में बुआना लाखू क्रिकेट टीम ने परफेक्ट इलेवन को 94 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बुआना लाखू टीम ने सुनील खोखर के 123 व हरदीप मलिक के 45 रनों की मदद से 20 ओवर में 245 रन बनाये जिसके जवाब में परफेक्ट इलेवन 151 रन पर ऑल आउट हो गयी। परफेक्ट इलेवन के लिये अंकित श्योराण ने 53 रन बनाये, गेंदबाजी में बुआना लाखू के लिये कप्तान दीपक मलिक ने 4 व हरदीप तथा संजय ने 2-2 विकेट लिये। सुनील खोखर अपने शानदार शतक के लिए मैन ऑफ द मैच बने, दूसरा सेमीफाइनल मैच 6 अप्रैल तथा फाइनल मैच 13 अप्रैल को खेला जायेगा। पहले सेमीफाइनल मैच में बुआना लाखू के बॉक्सिंग कोच सुरेन्द्र मलिक मुख्य अतिथि रहे जिन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी व खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया, प्रतियोगिता की प्रबंधन समिति ने मुख्य अतिथि ने सुरेन्द्र बॉक्सिंग कोच को स्मृति चिन्ह भेंट किया, इस अवसर पर अमित खोखर, सुमित, जयबीर , राजकपूर पहलवान, सुमेर आदि मौजूद रहे।



डीआर इंटरनेशनल स्कूल में अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए दीपक मलिक।



### कन्या भ्रूण हत्याविरोधी कार्यक्रमों की शुरूआत

**कुरुक्षेत्र।** नगर की प्रतिष्ठित उत्थान सामाजिक संस्था द्वारा नवरात्रि के अवसर पर कन्या भ्रूण हत्याविरोधी कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। इस अवसर पर झांसा रोड स्थित शांति एनक्लेव में कन्या भ्रूण हत्या- विरोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांति एनक्लेव की जागरूक नारी शक्ति ने उत्साहित होकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को संस्था की तरफ से कन्या भ्रूण हत्या- विरोधी शपथ-पत्र वितरित किए गए। महिलाओं को संबोधित करते अनिल वर्मा ने कहा कि समाज की अनेकों बुराइयों में कन्या भ्रूण हत्या भी शामिल है जिसका दुष्परिणाम आज विभिन्न राज्यों में स्पष्ट देखने को मिल रहा है जहां लिंगानुपात की स्थिति काफी सोचनीय बनी हुई है। अनिल वर्मा ने कहा कि आज कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं जहां महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज़ नहीं करवाई हो। उन्होंने कहा कि बेटा एक घर का चिराग होता है जबकि बेटी दो घरों को रोशन करती है इसलिए हम सबका यह सामाजिक दायित्व है कि कन्याओं का जीवन बचाने के लिए घर- घर अलख जगाई जाए और कन्याओं की जान बचाई जाए।

### हकप का वार्षिकोत्सव हुआ

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन स्थित कम्युनिटी हॉल में हरियाणा कला परिषद एवं श्री रामेश्वर सांई कला साधना मंच की ओर से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन की उप प्रधान आशिमा शर्मा, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, श्री रामेश्वरम सांई कला साधना मंच की प्रधान तन्नू शर्मा उपस्थिती दर्ज करवाई। वहीं अतिथियों को संस्था की ओर से पगड़ी पटका और स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान भी किया गया।

### उल्लास पेपर आयोजित

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव राजाखेड़ी में प्रिंसिपल सुमित्रा सांगवान के नेतृत्व में उल्लास का पेपर लिया गया। प्रधानाचार्या सुमित्रा ने इस कार्य की सराहना करते हुए बताया कि इस कार्य में एनएसएस कोऑर्डिनेटर संस्कृत प्राध्यापक संजीव शास्त्री व बच्चों ने सहयोग किया। प्राध्यापक राजेश कुमार, अध्यापक इंदर सिंह, वरुण कुमार, अविनाश चौधरी, महेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राजकीय स्कूल से गैस सिलेंडर चोरी

**बराड़ा।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय अधोया में मिड डे मील रसोईघर से चोरी का मामला सामने आया है। स्कूल मुखिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने विद्यालय परिसर में स्थित रसोईघर का ताला तोड़ दिया और वहां से एक खाली एलपीजी गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। इसके अलावा चोरों ने चावल कंटेनर से चावल निकाल कर उसे फर्श पर बिखेर दिया गया। नम्बरदार कैलाश ने घटना स्थल का निरीक्षण कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विशेष शिविर का आयोजन किया

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू कौशिक, कार्यक्रम अधिकारी. डॉ. कुलदीप सिंह और सुमन लता ने संयुक्त रूप से किया। शिविर की शुरुआत एनएसएस. लक्ष्य गीत से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान किया गया। इसमें व्यक्तित्व विकास, व्यक्तिगत स्वच्छता, साइबर सुरक्षा और स्वच्छता के महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया। विद्यार्थियों को जलपान भी प्रदान किया गया।

### गांधी मेमोरियल कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में प्राचार्य डॉ. रामलखन के नेतृत्व में गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने बीएससी नर्सिंग और जीएनएम छात्रों के लिए /"अपनी उंगलियों पर वैश्विक शिक्षा को अपनाएं/" शीर्षक से एक सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम एडवाइज ओवरसीज एजूकेशन कंसलटेंट्स के सहयोग से आयोजित किया गया था ताकि इच्छुक नर्सिंग पेशेवरों को विदेश में उच्च शिक्षा और करियर के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया जा सके।

### नवरात्रि में किया हवन और पूजन

**अंबाला।** अंबाला शहर स्थित भगवान परशुराम मंदिर पीपली बाजार में जिला ब्राह्मण सभा द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ एवं पूजन किया गया। इस अवसर पर पंडित पंकज डिमरी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि 2025 का शुभारंभ 30 मार्च से हो रहा है। आगामी नौ दिन मां दुर्गा की भक्ति और उपासना के लिए बेहद खास है। इन पवित्र दिनों में जो भक्त व्रत रखते हैं और मां के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं। उन्हें मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

### भव्य शहीद स्मारक का निर्माण जारी

**अंबाला।** हरियाणा सरकार द्वारा आजादी की पहली लड़ाई में शामिल और शहीद हुए लोगों और वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने हेतु अंबाला कैंट के नजदीक अंबाला-नई दिल्ली नेशनल हाईवे-एनएच 44 पर 22 एकड़ भूमि पर एक भव्य शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है।

# चैत्र नवरात्रि पर सुख-समृद्धि व तनाव समाप्त करने के लिए हवन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** हवनयज्ञ करते श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति और जियो गीता परिवार के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति और जियो गीता परिवार के सदस्यों द्वारा रविवार को हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 एवं चैत्र नवरात्रि पर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि एवं तनाव समाप्त करने के लिए नगर खेड़ा में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। अशोक मेहरा ने चैत्र नवरात्रि और हिन्दू नव वर्ष ''विक्रम संवत्-2082'' की क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी । साथ ही कहा कि नवरात्र का यह पर्व समाज में नारी के महत्व और सामर्थ्य को दर्शाता है। नवरात्रि के पावन दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना हमें शक्ति, धैर्य और उत्साह प्रदान करती है। यह दिव्य पर्व श्रद्धा, भक्ति और शक्ति की आराधना का प्रतीक है,जो जीवन में नई ऊर्जा, सुख, समृद्धि और हर्षोल्लास का संचार करता है। उन्होंने कामना की कि नव संवत्सर में सभी का जीवन नई आशाओं, उल्लास और उमंग से परिपूर्ण हो। उन्होंने मां दुर्गा से समस्त क्षेत्रवासियों के लिए नई ऊर्जा, सकारात्मकता और सफलता के साथ ही उत्तम स्वास्थ्य की कामना की । संस्था द्वारा करवाए गए हवन यज्ञ में शहरवासियों द्वारा आहुतियां डालीं गईं। इसके पश्चात हलवा का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति और जियो गीता परिवार के महासचिव सुरिंदर बिंदल, कैशियर देवेंद्र मेहता, अश्वनी सिंघल, मुकेश गुप्ता, संयुक्त सचिव रवि शर्मा, रविंदर शर्मा, देव राज शर्मा, विजय अग्रवाल,गगन तायल, सुभाष राणा, योगेश शर्मा, यश पाल ढींगरा, सुदेश गुप्ता मौजूद रहे।

# बैशाखी को लेकर आयोजित होगा गुरू मानयो ग्रंथ चेतना समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


बैठक में मौजूद विभिन्न संस्था सदस्य।

खानअहमदपुर स्थित ब्राइट फ्यूचर इंटरनेशनल अकाल अकादमी में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसमें गुरू ग्रंथ साहिब सेवक ट्रस्ट व इलाके की संगत के सहयोग से अकादमी में खालसा पंथ सृजना दिवस वैशाखी को समर्पित गुरू मानयो ग्रंथ चेतना समागम की रूप रेखा तैयार की गई । बैठक में विभिन्न संस्थाओं ने भाग लिया और समागम हेतु जिम्मेवारियां सौंपी गई । सरदार प्रीतपाल सिंह ने बताया कि यहां 3 और 4 अप्रैल को गुरमत समागम आयोजित किया जाएगा।इसमें दोनों दिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक भाई रणजीत सिंह ढ़ंडरियांवाले संगत को गुरबाणी कीर्तन से निहाल करेंगे । कार्यक्रम के तहत 3 अप्रैल को बच्चों के दस्तार मुकाबले, कविता मुकाबले सिखी बाणा मुकाबले आयोजित कराए जाएंगे। 4 अप्रैल को शाम 5 बजे अमृत संचार किया जाएगा। इस दिन सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही फिजियोथैरेपी कैंप का भी लगाया जाएगा। बैठक में सभी संगत को समागम में सहयोग की अपील की गई ।

## नप ने रोड तोड़ने वाले लोगों के साथ सरकारी विभाग व निजी कंपनियों को चेतावनी जारी की

# बिना अनुमति सड़क तोड़ी तो दर्ज होगी एफआईआर बीएसएनएल के खिलाफ पहुंची पहली शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

*शास्त्री कॉलोनी में बिना अनुमति दो जगह से सड़क तोड़ने का आरोप, अब बीएसएनएल सहित अन्य कंपनियों को अंबाला छावनी में कोई भी कार्य करने के लिए नगर परिषद से लिखित में इजाजत लेनी होगी, अन्यथा उन्हें फिर कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहना पड़ेगा।*




अंबाला छावनी में अब सड़कों को खोदने व तोड़ने वाले विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। दरअसल किसी काम के लिए सड़कों को तोड़ने या फिर खोदने के बाद विभागीय कर्मचारी इन सड़कों की रिपेयर नहीं करते। इसी वजह से कई बार तो नई सड़कें तक टूटकर बिखर जाती हैं। पर अब ऐसा नहीं होगा। ऐसे विभागों के खिलाफ नगर परिषद ने केस दर्ज करवाने का निर्णय लिया है। नगर परिषद की ओर से पहली शिकायत बीएसएनएल के खिलाफ दी है। सड़कें तोड़ने को लेकर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करने का आग्रह किया गया है। नगर परिषद ने बिना इजाजत सड़कें तोड़ने वाले लोगों के साथ सरकारी विभाग व निजी कंपनियों को भी इस सिलसिले में चेतावनी जारी की है। अब बीएसएनएल सहित अन्य कंपनियों को अंबाला छावनी में कोई भी कार्य करने के लिए नगर परिषद से लिखित में इजाजत लेनी होगी, अन्यथा उन्हें फिर कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहना पड़ेगा। दरअसल बीते रोज नगर परिषद के पास शिकायत आई थी कि लगभग 50 लाख की लागत से शास्त्री कॉलोनी के पास कुछ समय पहले बनाई गई सड़क को तोड़ा जा रहा है। सूचना मिलते ही तुरंत नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जब सड़क को तोड़ने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वो बीएसएनएल के अधीन काम करते हैं। बीएसएनएल की टूट चुकी तार को दुरुस्त करने के लिए आए हैं। जब नगर परिषद की टीम ने उनसे परमिशन के दस्तावेज मांगे तो कोई भी कर्मचारी दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसके बाद जब बीएसएनएल के उपमंडल अधिकारी से बात की गई तो वो भी कोई उचित जवाब नहीं दे पाए। जबकि शाम तक दो अन्य जगह, अजीत नगर और टांगरी बांध के पास बनी सड़क पर भी ऐसे ही गड्ढे नजर आए और यहां भी भूमिगत तारें डालने का कार्य किया जा रहा था।

इसलिए नगर परिषद ने अब सख्ती बरतने का फैसला किया है। बता दें कि 23 मार्च को छावनी के निशात सिनेमा के निकट देररात एक टेलीकॉम कंपनी के ठेकेदार द्वारा सड़क पर की जा रही खोदाई का विरोध हुआ था। स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर काम रुकवा दिया और पुलिस को शिकायत की थी। उस समय अंबाला कैंट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अजायब सिंह ने संबंधित ठेकेदार व नगर परिषद के संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाया था। ठेकेदार को चेताया कि वह बिना अनुमति किसी भी सड़क में खुदाई नहीं करेगा।उस समय टेलीकॉम कंपनी की तरफ से लाइन बिछाने के लिए निकलसन रोड सहित अन्य जगह पर खुदाई की जा रही है।

### कार्रवाई के लिए टीम गठित

नवनिर्मित सड़कों को दुर्दशा से बचाने के लिए नगर परिषद ने तीन सदस्यों की टीम का गठन कर दिया है। इसमें इमारत निरीक्षक के अलावा अभियांत्रिक विभाग के दो अभियंताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है जोकि शिकायत मिलने के बाद तुरंत मौके पर जाकर कार्रवाई करेंगे और बिना अनुमति काम करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश भी करेंगे। अंबाला छावनी की बरसों पुरानी कंडम सड़कों के नवनिर्माण पर लगभग दस करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इनमें रिहायशी क्षेत्रों के अलावा सदर बाजार की प्रमुख सड़कें भी शामिल हैं। कुछ सड़कों को बजरी व सीमेंट के मिश्रण से तैयार किया गया है तो कुछ को तारकोल के मिश्रण से। लेकिन अब नवनिर्मित सड़कों को तोड़ने की शिकायतें लगातार नगर परिषद के पास पहुंच रही हैं।


कार्यक्रम में मौजूद मेयर शैलजा सचदेवा व अन्य।

### नेपाली समुदाय ने मेयर को किया सम्मानित

- नेपाली समुदाय द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने की प्रशंसा

**अंबाला।** एसए जैन कालेज रोड पर हीरा नगर में प्रसिद्ध पंचमुखी श्री पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला का निर्माण पहले नवरात्रे के अवसर पर मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने नारियल फोड़कर किया मंदिर का शुभारंभ । कार्यक्रम का आयोजन सेवा सुरक्षा सहयोग समिति नेपाली संस्था के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया । कार्यक्रम का मंच संचालन दीपक वोहरा ने किया । वर्तमान में उपाध्यक्ष कृष्ण लाल ने कहा कि संस्था के चुनाव का कार्य चल रहा हैं जिसका मतदान 6 अप्रैल दिन रविवार को स्थान हिसार रोड सिंगावाला धर्मशाला में बैलेट पेपर द्वारा मतदान किया जाएगा । मतदान 12 से 3:30 बजे तक होगा। शाम 4 बजे हरियाणा राज्य अंबाला के नए चेयरमैन की नियुक्ति की जाएगी।

# परिजनों को शिक्षण प्रक्रिया से करवाया अवगत

## पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

- कार्यक्रम का उद्देश्य नए पेरेंट्स को स्कूल की शिक्षण प्रक्रिया से अवगत करवाना था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल शहर के ऑडिटोरियम में पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया । यह कार्यक्रम नए सत्र की शुरुआत के साथ डीएवी का हिस्सा बनने जा रहे नए बच्चों व अभिभावकों के लिए किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए पेरेंट्स को स्कूल की शिक्षण प्रक्रिया से अवगत करवाना था। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने सभी नए अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए डीएवी परिवार से जुड़ने पर उनका धन्यवाद किया। उन्होंने पेरेंट्स को आर्ट ऑफ़ पेरेंटिंग के विषय में बताया कि माता-पिता अपने बच्चे के समग्र विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह माता-पिता का सही मार्गदर्शन ही है जो बच्चे के चरित्र को विकसित करता है। जैसे हर बच्चा अलग होता है, वैसे ही उनकी ग्रोथ और विकास भी अलग तरह से होते हैं। लेकिन, माता-पिता के लिए बच्चों की ग्रोथ और विकास पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। माता-पिता के सहयोग से बच्चे अनुशासन को समझते हैं, प्रतिक्रिया को स्वीकार करते हैं और जीवन को सही तरीके से जीना सीखते हैं। बच्चा माता-पिता के व्यवहार को नोटिस करता है। माता-पिता के बीच की बातचीत और बहस को वो समझता है। इस समय बच्चा दूसरों से कैसा व्यवहार करना है, टीम स्पिरिट, सही दोस्तों को चुनना आदि सीखता है। ऐसे में और सही तरीके से सिखाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। उन्होंने अभिभावकों को इस ओरिएंटेशन के मुख्य उदेश्य के बारे में समझाया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे के माता-पिता अपने बच्चे की मदर टीचर से मिलकर पुरे वर्ष होने वाले एक्टिविटीज़ के बारे में जान सके और बच्चों का किस प्रकार कक्षा में ध्यान रखा जाता है व उन्हें पूर्ण रूप से आश्वस्त किया जाता है कि उनका बच्चे का विकास यंहा पूर्ण रूप से सही प्रकार से किया जायेगा। डीएवी की उपलब्धियां के विषय में बताया कि आज हमारा स्कूल जिन ऊंचाइयों पर पहुंच है यह सब अभिभावकों के सहयोग और बच्चों के हर साल की परफॉर्मेंस वजह से हुआ है।

# वन विभाग के मजदूरों को प्रत्येक महीने मिले वेतन

- वन विभाग मजदूर यूनियन की मीटिंग में राज्य सरकार के समक्ष कर्मचारियों ने रखी कई मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


**नारायणगढ़।** बैठक के वन विभाग मजदूर यूनियन व सीटू नेता।

रविवार को सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन से संबद्ध वन विभाग मजदूर यूनियन-1450 जिला कमेटी बैठक छोटी बसी गांव में वन विभाग की नर्सरी में हुई। अध्यक्षता तारा चंद प्रधान व संचालन राम चंद्र सचिव ने किया। बैठक में विशेष रूप से सीटू नेता सतीश सेठी उपस्थित रहे। बैठक में जिला भर के वन मजदूरों की समस्याओं को चिह्नित कर ज्ञापन जिला वन अधिकारी को सौंपने का फैसला लिया गया। इसमें हर महीने समय पर वेतन का भुगतान करने। नारायणगढ़ रेंज में फरवरी महीने का बकाया वेतन जल्द देने। पिछले तीन सालों के पीएफ का हिसाब किताब देने।ईएसआई कार्ड जारी करने। मजदूरों को पहचान पत्र, हाजरी कार्ड व पे-स्लिप देने। वर्ष 2016 से वेतन बढ़ोतरी का बकाया प्रदान करने। माननीय न्यायलय के फैंसलों को लागू करने। वन मजदूरों को वर्दी, जूते, औजार व मेडिकल किट देने। रेंज वाइज विभाग के ठेकेदारों के साथ हुए एग्रीमेंट व वर्कआर्डर की प्रति देना शामिल है। सीटू नेता सतीश सेठी ने कहा कि वन विभाग का मजदूर सालों से प्रदेश को हरा भरा बनाने व पर्यावरण की रक्षा में मुख्य रोल अदा कर रहा है। परंतु सरकार ने उसकी नौकरी को पक्का करने की बजाए ठेकेदारों के हवाले कर दिया गया है।

### पहले नवरात्रे पर माता बाला सुंदरी में लगी श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें, सुबह चार बजे से प्रारंभ हुई पूजा



**मुलाना।** रविवार को पावन नवरात्रों के आरंभ होते ही सिद्धपीठ माता बाला सुंदरी मंदिर में माता की दिव्य पिंडी के दर्शन करने के लिए सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा । सुबह चार बजे ही श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच गए। जय माता दी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रथम नवरात्र के दिन सुबह करीब पौ फटने से पहले माता बाला सुंदरी मंदिर के कपाट खुल गए। पहले नवरात्रे पर ही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारें लगी, श्रद्धालुओं ने माता की दिव्य पिंडी के दर्शन कर सुख समृद्धि की अरदास की । हर नवरात्रों के दौरान मुलाना में विशाल मेले का आयोजन किया जाता हैं ।जोकि पहले नवरात्र से आरम्भ हो चुका हैं । मंदिर प्रांगण में दर्जनों दुकाने सज चुकी है। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया । मंदिर कमेटी द्वारा मेले में आए श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था, जल व्यवस्था ,ठहरने के लिए कमरे की फ्री व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्थाओं का भी विशेष प्रबंध किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पहल

# स्कूल के प्रमुख ब्लॉकों का नामकरण आर्य समाज के महान विचारकों और शिक्षाविदों के सम्मान में किया

**नामकरण विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला कार्यक्रम के दौरान मुख्यअतथि व अन्य शिक्षक।

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक सीनियर सैकंडरी विद्यालय में आर्य समाज स्थापना सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय के प्रमुख ब्लॉकों का नामकरण आर्य समाज के महान विचारकों और शिक्षाविदों के सम्मान में किया गया। विद्यालय में विज्ञान ब्लॉक को /"पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी विज्ञान ब्लॉक/", पुस्तकालय ब्लॉक को /"महात्मा हंसराज ब्लॉक/", मल्टीपरपज हॉल को /"महात्मा आनंद स्वामी कक्ष/", और कांफ्रेंस रूम को /"स्वामी श्रद्धानंद कक्ष/" के रूप में समर्पित किया गया। इस अवसर पर पुष्पवर्षा करते आचार्य नवीन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया व इन महान विभूतियों की स्मृति और उनके समाज-सेवा के कार्यों के बारे में बताया। इस समारोह में मुख्य अतिथि मेंबर डीएवी सीएमसी न्यू दिल्ली अनिल गुप्ता ने इन कक्षों को आर्य समाज के महापुरुषों के नाम समर्पित करने के निर्णय की सराहना की। कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों को उनके त्याग, समर्पण और समाज के प्रति योगदान की प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि यह नामकरण विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगा, जिससे वे वैदिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने आर्य प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा व डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान पूनम सूरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय सदैव अपनी वैदिक परंपराओं से जुड़ा रहेगा।

### महापुरुषों के आदर्शों को अपनाएं

इस विशेष अवसर पर विज्ञान संकाय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे । सुमन सोनी व भारती ने इस नामकरण को ऐतिहासिक क्षण बताया। शिक्षकों ने इस पहल को विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और प्रेरणा स्रोत के रूप में महत्वपूर्ण बताया। आर्य युवा समाज की संचालिका गौरी वंदना और राधिका सीकरी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि गुरुदत्त विद्यार्थी, महात्मा हंसराज, महात्मा आनंद स्वामी और स्वामी श्रद्धानंद जी ने शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह सदैव अनुकरणीय रहेगा। विद्यालय द्वारा किए गए इस प्रेरणादायक पहल से निश्चित रूप से विद्यार्थियों में आर्य समाज के सिद्धांतों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे इन महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर समाज की सेवा के लिए प्रेरित होंगे।